grey matter pr

PRESS CLIP

==

Publication:- Rajasthan Patrika

Date: - 21st April 2020

Page :-02

The Bengal Chamber adopted Gariahat and Jodhpur Park Markets in the sanitizing drive of Government of West Bengal against COVID-19

बंगाल चेम्बर को मिली गरियाहाट और जोधपुर पार्क की स्वच्छता जिम्मेदारी

कोलकाता. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्देशानुसार बंगाल चैंबर को दक्षिण कोलकाता के 2 बाजारों गरियाहाट और जोधपुर पार्क की स्वच्छता जिम्मेदारी सौंपी गई है। चेम्बर ने इन दोनों क्षेत्रों के संबंधित पुलिस स्टेशनों के साथ संपर्क स्थापित किया है ताकि उनकी आवश्यकताओं की सूची में मास्क, दस्ताने, सैनेटाइजर शामिल हों।

चैंबर की टीम गरियाहाट और जोधपुर पार्क बाजार तक इसकी सप्लाई करती है। द बंगाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने जोधपुर मार्केट में 200 स्टॉल के साथ गरियाहाट मार्केट में मास्क, सैनेटाइजर, डिटर्जेंट पाउडर और दस्ताने वितरित किए हैं।

इस मौके पर द बंगाल चैंबर के अध्यक्ष बीबी चटर्जी, बंगाल चैंबर के महानिदेशक सुभोदीप घोष, बंगाल चैंबर कॉर्डिनेटिंग प्राधिकरण के पूर्व अध्यक्ष एस.राधाकृष्णन, वार्ड 93 के पार्षद रतन डे और वार्ड 68 की पार्षद सुदर्शना मुखर्जी आदि मौजूद थीं।